नशे में धुत कार चालक ने स्कूटी-बाइक को टक्कर मारी; दो युवकों की मौत, 3 घायल

आमेर घाटी में हुआ भीषण हादसा, टक्कर के बाद खाई में गिरीं कार व बाइक

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । आमेर घाटी में बुधवार देर रात नशे में धुत कार चालक की लापरवाही ने दो परिवारों की खुशियां उजाड़ दीं। आमेर महल से जलमहल की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने पहले स्कूटी और फिर बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार और बाइक सड़क किनारे खाई में जा गिरीं। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने कार सवार दो युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कार की तलाशी में बीयर की केन भी मिली हैं। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

एसीपी आमेर प्रतीक सिंह के अनुसार हादसा बुधवार रात करीब 11 बजे आमेर घाटी में मावठा सेल्फी पॉइंट के पास हुआ। भीलवाड़ा निवासी और वर्तमान में सांगानेर में रह रहा अयान (25) कार लेकर आमेर महल से जलमहल की तरफ आ रहा था। आरोप है कि कार चालक नशे में था। उसने सबसे पहले मावठा सेल्फी पॉइंट के पास स्कूटी को टक्कर मारी। स्कूटी पर साहिल (25), तरुण और



मृतक साहिल और सोएब

सोहेल सवार थे। टक्कर के बाद भी चालक ने कार नहीं रोकी और भागने के प्रयास में करीब 50 मीटर आगे मजार के पास बाइक को भी चपेट में ले लिया। बाइक पर शोएबुद्दीन उर्फ शोएब (26) अपने दोस्त कलीमुद्दीन के साथ सवार था। टक्कर के बाद कार और बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरीं।

हादसे में बाइक सवार शोएब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर घायल साहिल ने गुरुवार को एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में तरुण, सोहेल और कलीमुद्दीन घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया गया।

- **हादसे के बाद लोगों ने कार सवार दो युवकों को पकड़कर पुलिस को सौंपा**

पोस्टमार्टम के बाद दोनों मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए गए।

हादसे ने दो परिवारों की खुशियों को मातम में बदल दिया। शोएब की शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी और चार महीने पहले ही वह पिता बना था। उसके घर में बेटे मोहम्मद हुसैन के जन्म का जश्न समारोह इसी महीने आयोजित करने की तैयारी थी। वह नगीनों का काम करता था और पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था। हादसे के समय वह दोस्त कलीमुद्दीन के साथ दावत से लौटकर घाटगेट स्थित लोहारों का खुर्रा इलाके में अपने घर जा रहा था।

वहीं साहिल आमेर में मेडिकल शॉप चलाता था। उसके घर में बहन जेबा की 12 नवंबर को शादी होनी थी। परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं। बहन की शादी के बाद साहिल की शादी करने की भी योजना थी, लेकिन हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। साहिल के भाई इरशाद ने आरोप लगाया कि कार सवार दोनों युवक नशे में थे और हादसे के बाद भागने की कोशिश कर रहे थे।

हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। लोगों ने कार सवार अयान और उसके साथी सागर सोलंकी (25) को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। कार की तलाशी में बीयर की केन बरामद हुईं। हादसे के कारण सड़क पर जाम लग गया। पुलिस ने यातायात डायवर्ट कर स्थिति संभाली। आमेर थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया। मामले में दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसीपी आमेर प्रतीक सिंह भी एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे और घायलों की स्थिति की जानकारी ली। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार कार बाइक को टक्कर मारती दिखाई दे रही है। पुलिस फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

एसआईआर, ईवीएम और मतदाता सूची पर वैष्णव ने कांग्रेस से पूछे छह सवाल

जयपुर (कासं)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक प्रक्रियाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस एसआईआर, ईवीएम और मतदाता सूची को लेकर भ्रम फैला रही है। भाजपा और एनडीए इस मुद्दे को जनता के सामने ले जाएंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता में वैष्णव ने कहा कि सही मतदाता सूची लोकतंत्र का मूल आधार है। एसआईआर संविधान के तहत निर्धारित प्रक्रिया है, जो 1947 के बाद से कई बार हो चुकी है। ईवीएम कांग्रेस सरकार लेकर आई थी और इससे बूथ लूट जैसी घटनाओं पर रोक लगाने में मदद मिली। उन्होंने बैलेट पेपर से एमएलसी चुनाव कराने के बावजूद कांग्रेस की हार का उदाहरण देते हुए पूछा कि क्या कांग्रेस चुनाव परिणाम स्वीकार करेगी? वैष्णव ने कांग्रेस से छह सवाल पूछे कि क्या वह गैर-नागरिकों को मतदान का अधिकार देना चाहती है, मृतकों के नाम मतदाता सूची में बनाए रखना चाहती है और एक व्यक्ति के कई स्थानों पर नाम दर्ज रहने का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस संविधान में विश्वास करती है और संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है? उन्होंने दावा किया कि एसआईआर पर संसद में चर्चा के दौरान कांग्रेस वॉकआउट करेगी।

पॉक्सो दोषी के नाबालिग होने के दावे की जांच के आदेश, 3 माह में रिपोर्ट मांगी

- **अदालत ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा भुगत रहे युवक की सजा अपील के अंतिम निस्तारण तक उसे जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए**

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पॉक्सो के मामले में 20 साल के कठोर कारावास की सजा भुगत रहे युवक की सजा अपील के अंतिम निस्तारण तक निलंबित कर उसे जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने उसके घटना के समय नाबालिग होने के दावे की जांच कर तीन महीने में सीलबंद रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस प्रवीर भटनागर ने यह आदेश आरोपी की अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि ट्रायल के दौरान किशोर होने का दावा नहीं उठाने मात्र से अपील के स्तर पर यह अधिकार समाप्त नहीं होता। यह दावा मामले के किसी भी चरण में उठाया जा सकता है।

अपीलार्थी के अधिवक्ता राजेश महर्षि ने अदालत को बताया मामला में जोबनेर थाने में 31 मार्च 2022 को एफआइआर दर्ज हुई थी। वहीं पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने अपीलार्थी को सजा सुनाई थी। कथित घटनाएं वर्ष 2018 से 2020 के बीच हुई थी। अपीलार्थी की दसवीं कक्षा की अंकतालिका, प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र और स्कॉलर रजिस्टर में जन्मतिथि 5 अप्रैल 2003 दर्ज है। ऐसे में कथित घटनाओं के समय उसकी उम्र 18 वर्ष से कम थी। ट्रायल के दौरान पूर्व अधिवक्ता की चूक के कारण किशोर होने का मुद्दा नहीं उठाया जा सका। इसका नुकसान अपीलार्थी को नहीं दिया जाना चाहिए। एफआईआर में बलात्कार का मुख्य आरोप सह-आरोपी शैतान सिंह पर है। अपीलार्थी के पास से कोई मोबाइल या वीडियो बरामद नहीं हुआ और उसका कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है।

संकल्प पत्र के 78 फीसदी वादे पूरे, बाकी पर तेजी से काम : मुख्यमंत्री

- **बिजली खरीदने वाला राजस्थान अब बेचने की स्थिति में आया, 9 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर आए :भजनलाल शर्मा**
- **'सरकार का लक्ष्य हैं कि युवाओं को चार लाख सरकारी और छह लाख निजी रोजगार दे सकें'**

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनावी संकल्प पत्र के करीब 78 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं और शेष पर तेजी से काम चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दशकों से लंबित जल परियोजनाओं को गति मिली है।

उन्होंने कहा कि देश के 10 अंतरराज्यीय जल समझौतों में से चार राजस्थान से जुड़े हैं। रामजल सेतु लिंक, यमुना जल, किशाऊ और नर्मदा परियोजनाओं से पेयजल, सिंचाई और उद्योगों की जरूरतें पूरी होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली खरीदने वाला राजस्थान अब बेचने की स्थिति में है। प्रदेश 51.6 गीगावाट स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के साथ देश में पहले स्थान पर है और 27 जिलों में किसानों को दिन में बिजली मिल रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड के निवेश समझौते हुए, जिनमें से 9 लाख करोड़ के प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। युवाओं को चार लाख सरकारी और छह लाख निजी रोजगार देने का लक्ष्य है। अब तक 1.93 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी गई हैं, 1.18 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है और 70 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी है। निजी क्षेत्र में पांच लाख युवाओं को रोजगार मिला है तथा तीन लाख से अधिक को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता के तहत 381 अधिकारियों-कर्मचारियों को निलंबित और करीब 700 के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर पेपरलीक, भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था को लेकर निशाना साधते हुए उन्होंने एसआईआर को मतदाता सूची शुद्ध करने की पारदर्शी प्रक्रिया बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 2.05 लाख रुपये हो गई है। करीब 20 लाख महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं और लाडो प्रोत्साहन योजना से 10 लाख बालिकाएं लाभान्वित हुई हैं। बालिकाओं को 46 हजार स्कूटी और 13 लाख से अधिक साइकिलें दी गई हैं। किसानों को केंद्र की 6 हजार रुपये सम्मान निधि के साथ राज्य सरकार 3 हजार रुपये अतिरिक्त दे रही है, जिसे बढ़ाकर कुल 12 हजार रुपये किया जाएगा। किसानों को 67 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ब्याजमुक्त फसली ऋण और गेहूं खरीद पर 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है।

अभिषेक चौधरी बने राजस्थान यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष



जयपुर (कासं)। राजस्थान यूथ कांग्रेस को नया प्रदेशाध्यक्ष मिल गया है। अभिषेक चौधरी को प्रदेशाध्यक्ष, अनिल चौपड़ा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और राजकुमार पारसवाल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने गुरुवार को नियुक्ति आदेश जारी किए।

गौरतलब है कि 4 अक्टूबर को यूथ कांग्रेस चुनाव का परिणाम घोषित हुआ था। इसमें अभिषेक चौधरी 6.15 लाख वोट लेकर पहले, अनिल चौपड़ा 5.45 लाख वोट के साथ दूसरे और राजकुमार पारसवाल 1.95 लाख वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रभारी ने शीर्ष दावेदारों के साक्षात्कार लिए और अब आधिकारिक नियुक्तियों की घोषणा की गई है। प्रदेशाध्यक्ष और दोनों उपाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब राजस्थान यूथ कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठित होगी। जल्द ही अन्य प्रदेश पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की जाएगी। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन साल का रहेगा।

युवक का अपहरण करने वाले आर्मी जवान सहित 3 गिरफ्तार

ठगी का बदला लेने के लिए आरोपियों ने पहले थार गाड़ी से टक्कर मारी, फिर डंडे-सरियों से जमकर पीटा

जयपुर (कासं)। ठगी का बदला लेने के लिए एक युवक पर जानलेवा हमला कर उसका अपहरण करने के मामले में कालवाड़ थाना पुलिस ने आर्मी जवान सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पहले थार गाड़ी से युवक की कार को टक्कर मारी, फिर डंडों और सरियों से हमला कर उसे पिस्तौल की नोक पर अगवा कर लिया था। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल थार और स्विफ्ट कार बरामद की है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण के अनुसार पार्थ

- **मारपीट के बाद पिस्तौल दिखाकर कार में डालकर ले गए थे आरोपी**

सिटी निवासी मनीष यादव ने 2 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका बड़ा भाई गोविंद यादव अपनी स्विफ्ट कार में पडौसी कौशल स्वामी और अन्य दोस्तों के साथ रॉयल सिटी में जोधपुर मिष्ठान भंडार के पास खड़ा था। शाम करीब सात बजे गलत दिशा से आई काले रंग की थार ने गोविंद की कार को टक्कर मार दी। इसके बाद थार से उतरे छह-सात लोगों ने डंडों और सरियों से कार पर हमला कर दिया। इस दौरान कौशल और अन्य दोस्त मौके से भाग निकले, लेकिन हमलावरों ने गोविंद को सड़क पर पटककर मारपीट की और पिस्तौल की नोक पर जबरन थार में डालकर सुशांत सिटी की तरफ ले गए।

पुलिस जांच में सामने आया कि ठगी के विवाद का बदला लेने के लिए मुख्य साजिशकर्ता ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात की योजना बनाई थी। जिसके बाद कालवाड़ थानाधिकारी दिलीप सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी शाखा और जिला



विशेष शाखा की मदद से सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आसूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की और फिर आरोपित राजेश चौधरी (29) निवासी फागी जयपुर ग्रामीण, राजू लाल मीणा (28) निवासी दौसरा मंडालिया, माधोराजपुरा, फागी और भागीरथ गुर्जर (26) निवासी झाझेड़ा चौथ का बरवाड़ा, सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। राजेश चौधरी आर्मी जवान है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त थार और स्विफ्ट कार बरामद कर ली है। अन्य आरोपियों की तलाश और मामले की जांच जारी है।

सार-समाचार

'सहकारी बैंक-पैक्स कर्मियों को बोनस दें'

जयपुर । ऑल राजस्थान कोऑपरेटिव बैंक एम्पलाइज यूनियन, ऑल राजस्थान कोऑपरेटिव बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं सहकारी साख समितियां एम्पलाईज यूनियन ने दीपावली से पहले जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (सीसीबी), भूमि विकास बैंकों (पीएलडीबी) और 7 हजार से अधिक पैक्स के कर्मचारियों को 12,500 रुपए बोनस देने की मांग की है। यूनियन के प्रांतीय महासचिव एवं सहकार नेता सूरजभान सिंह आमेरा ने रजिस्ट्रार सहकारी समितियां एवं प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता विभाग को ज्ञापन सौंपकर तत्काल भुगतान के आदेश जारी करने की मांग की। आमेरा ने बताया कि राजस्थान स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक (अपेक्स बैंक) ने 4 नवंबर के आदेश तथा राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक ने 27 अक्टूबर के आदेश से वर्ष 2025-26 के लिए अपने कर्मचारियों, अधिकारियों एवं संविदाकर्मियों को 20 प्रतिशत या अधिकतम 12,500 रुपए बोनस/एक्स-ग्रेशिया स्वीकृत किया है। इसके बावजूद सीसीबी, पीएलडीबी और पैक्स के हजारों स्थायी, अस्थायी, दैनिक वेतनभोगी एवं संविदाकर्मियों को भुगतान के आदेश जारी नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि बोनस अधिनियम 1965 सभी सहकारी संस्थाओं पर समान रूप से लागू है। 90 दिन काम करने वाले कर्मचारी भी बोनस के पात्र हैं। दीपावली से पहले भुगतान नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। आमेरा ने रजिस्ट्रार से सभी संबंधित संस्थाओं को तत्काल भुगतान के निर्देश देने की मांग की।

'जुर्माना भरते ही वाहन छोड़ना होगा'

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने जीएसटी से जुड़े एक मामले में स्पष्ट किया है कि वाहन पर निर्धारित जुर्माना और शास्ति की पूरी राशि जमा होने के बाद अधिकारियों को उसे कब्जे में रखने या जब्ती की कार्रवाई जारी रखने का अधिकार नहीं है। सीजे संजय के. अग्रवाल और न्यायाधीश समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश नीलम ननेचा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि माल के मालिक की धोखाधड़ी या गलत घोषणा के लिए वाहन मालिक को अनिश्चितकाल तक जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। कानून किसी व्यक्ति से ऐसा काम करने की अपेक्षा नहीं करता, जिसे करना उसके लिए असंभव हो। हालांकि अदालत ने माल के संबंध में विभाग को नियमानुसार जब्ती और निस्तारण की छूट दी है। याचिका में अधिवक्ता देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जीएसटी अधिकारियों ने याचिकाकर्ता का वाहन हिरासत में ले लिया था। वाहन और उसमें लदे माल के संबंध में 10 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश से 71,686 रुपए की शास्ति और जुर्माना लगाया गया। याचिकाकर्ता ने पूरी राशि जमा करा दी, लेकिन इसके बावजूद वाहन अधिकारियों के कब्जे में रहा। याचिका में कहा गया कि वाहन से संबंधित जुर्माना जमा कराने के बाद माल में रखी वस्तुओं के कर-जुर्माने की अदायगी नहीं होने के लिए वाहन मालिक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

दोस्ती गांठकर युवक का अपहरण किया

जयपुर । ऑनलाइन दोस्ती के जरिए युवक को मिलने के बहाने बुलाकर अपहरण करने और मारपीट कर एक लाख रुपए की फिरौती वसूलने का मामला सामने आया है। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार परिवादी कपिल कुमार जांगिड ने 27 अक्टूबर को खोह नागोरियान थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि एक व्यक्ति से उसकी ऑनलाइन दोस्ती हुई थी। आरोपी ने मिलने के बहाने उसे जगतपुरा रेलवे स्टेशन बुलाया। वहां से उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर रिंग रोड की पुलिया के नीचे ले गया, जहां उसके तीन अन्य साथी पहले से मौजूद थे। आरोपियों ने युवक को बंधक बनाकर मारपीट की और उसका मोबाइल फोन, सोने की अंगूठी तथा 10 हजार रुपए छीन लिए। इसके बाद जबरन मोबाइल का लॉक खुलवाकर यूपीआई पिन हासिल किया और ऑनलाइन एक लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। आरोपी उसे अपनी गाडी में डालकर करौली ले गए। वहां से पीड़ित किसी तरह उनके चंगुल से निकलकर वापस लौटा। खोह नागोरियान थानाधिकारी सुनील गोदारा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पवन मीणा उर्फ पदम मीणा (23) पुत्र धमसिंह मीणा निवासी शहर कस्बा, तहसील नादौती, जिला करौली है। वह वर्तमान में खोह नागोरियान के इंदिरा गांधी नगर सेक्टर-14 में किराए पर रह रहा था।

कमजोर बैंकों को सुधार के निर्देश दिए

जयपुर । शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार सहकारिता डॉ. समित शर्मा ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राजस्थान राज्य क्रय-विक्रय सहकारी संघ, राजस्थान उपभोक्ता सहकारी संघ, राज्य भूमि विकास बैंक और सहकारी समितियों की समीक्षा की। अक्टूबर-2026 की केपीआई रैंकिंग में ब्यावर भंडार प्रथम, टोंक द्वितीय और उदयपुर तृतीय स्थान पर रहे। डॉ. शर्मा ने गुणवत्तायुक्त एवं सस्ती जेनेरिक दवाइयां, उपभोक्ता सामग्री और प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों की सुविधाएं बेहतर करने के निर्देश दिए। क्रय-विक्रय सहकारी संघ को गोदामों की जियोटैगिंग, आधार सक्षम उपस्थिति प्रणाली पर मैपिंग और उनकी उपयोगिता सुनिश्चित करने को कहा। एमएसपी खरीद में तीन दिन में 50 प्रतिशत लक्ष्य हासिल हुआ है तथा किसान पंजीकरण 2 नवंबर से शुरू हो चुका है। दिसंबर से समितियां एनसीसीएफ और नैफेड के उत्पाद भी बेच सकेंगी। सीताफल के गूदे और जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। भूमि विकास बैंकों की समीक्षा में ऋण वसूली नहीं करने वालों पर कार्रवाई, लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण और अवधिपार ऋणों की शत-प्रतिशत पत्रावलियां पोर्टल पर अपलोड कराने को कहा। भीलवाड़ा, अजमेर व केकडी के बैंकों की स्थिति बेहद कमजोर पाई गई।

कार में आग, 3 लाख रुपए और लैपटॉप जले

जयपुर । जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र में होटल मैरियट के पीछे गुरुवार सुबह खड़ी हुंडई वेन्यू कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी कार जलकर खाक हो गई। कार में रखे तीन लाख रुपए नकद और लैपटॉप भी जल गए। सूचना पर पहुंची दमकल ने स्थानीय लोगों की मदद से मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कार मालिक रामफूल गुर्जर ने बताया कि वह पेशे से प्लंबर हैं। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे जवाहर सर्किल स्थित एक क्लाइंट के कार्यालय आए थे। उन्होंने अपनी कार होटल मैरियट के पीछे ग्राउंड फ्लोर स्थित कार्यालय के बाहर खड़ी की और अंदर चले गए। कुछ देर बाद बाहर मौजूद लोगों ने कार में आग लगने की सूचना दी।

एसएमएस कार्डियक सेंटर में जल्द शुरू होंगी आपातकालीन सेवाएं

जयपुर (कासं)। सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में बन रहा एक्सीलेंस ऑफ कार्डियक सेंटर अब पूरी तरह शुरू होने की दिशा में आगे बढ़ गया है। सेंटर के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है। यहां ओपीडी के बाद अत्याधुनिक कैथ लैब भी शुरू कर दी गई है। अब दीपावली के बाद सेंटर में हृदय रोगियों के लिए इमरजेंसी सेवाएं भी शुरू करने की तैयारी है। इसके बाद मरीजों को दिल से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए अस्पताल के अलग-अलग विभागों और इमरजेंसी के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक माहेश्वरी के अनुसार, सेंटर में सबसे पहले ओपीडी शुरू की गई थी, जहां प्रतिदिन एक हजार से अधिक मरीजों का उपचार किया जा रहा है। हाल ही में यहां अत्याधुनिक कैथ लैब भी शुरू कर दी गई है। हालांकि, फिलहाल हृदय रोग से जुड़े आपातकालीन मरीजों को अस्पताल की पुरानी इमरजेंसी में ही उपचार के लिए ले जाना पड रहा है। दीपावली के बाद सेंटर में इमरजेंसी सेवाएं शुरू होने से यह व्यवस्था भी एक ही परिसर में उपलब्ध हो जाएगी।

उत्तर भारत के सरकारी क्षेत्र के इस तरह के पहले कार्डियक सेंटर के रूप में विकसित किए जा रहे इस केंद्र में हृदय रोगों की जांच से लेकर उपचार तक की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। यहां एमआरआई, सीटी स्कैन, टीएमटी, होल्टर, आइसोटोप लैब और 2डी ईको जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा कैथ लैब की संख्या भी बढ़ेगी। वर्तमान में एसएमएस अस्पताल में एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी के लिए चार कैथ लैब संचालित हैं। कार्डियक सेंटर शुरू होने के बाद इनकी संख्या बढ़कर छह हो जाएगी।

डॉ. माहेश्वरी के अनुसार, सेंटर में अभी कुछ जरूरी उपकरण स्थापित किए जाने बाकी हैं। इन्हें लगाने के बाद केंद्र को पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जा सकेगा। उनका कहना है कि भविष्य में यहां हार्ट ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू करना भी लक्ष्य है। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले कुछ समय में हृदय रोगियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में कार्डियोलॉजी विभाग पर मरीजों का दबाव भी बढ़ रहा है। नए सेंटर के शुरू होने से मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर और एकीकृत उपचार मिल सकेगा। एसएमएस अस्पताल का यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट दो चरणों में तैयार किया जा रहा है। इसकी शुरुआत पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुई थी। योजना के अनुसार, इसी साल जनवरी तक यहां हृदय रोगियों का उपचार शुरू किया जाना था, लेकिन निर्माण और अन्य कार्यों में लगातार देरी के कारण इसकी शुरुआत टलती रही।

हैड कांस्टेबल से सीआई तक पदोन्नति मामले में एकलपीठ का आदेश बरकरार

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में हैड कांस्टेबल से सीआई तक की लंबे समय से अटकी पदोन्नतियों के मामले में एकलपीठ के गत 30 सितंबर के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है। सीजे संजय के. अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश तेजराम की अपील को खारिज करते हुए दिए। खंडपीठ ने कहा कि अपीलार्थी ऐसा कोई भी साक्ष्य पेश करने में असफल रहे हैं, जिसके आधार पर एकलपीठ के निर्णय में हस्तक्षेप किया जा सके। एकलपीठ के आदेश में ऐसी कोई अवैधता, गलती या क्षेत्राधिकार संबंधी त्रुटि नहीं है, जिससे कि खंडपीठ को उसमें दखल देना पडे। अपील में एकलपीठ के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसने हैड कांस्टेबल से सीआई तक के पद पर होने वाली पदोन्नतियों पर लगी रोक हटाते हुए पदोन्नति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज कर दी थी। इसके अलावा राज्य सरकार व पुलिस विभाग को 1989 के नियमानुसार पदोन्नति प्रक्रिया आगे बढाने के लिए कहा था। एकलपीठ ने राज्य सरकार व पुलिस विभाग की साल 2013-14 के खाली पदों पर की गई पदोन्नति प्रक्रिया को सही ठहराते हुए कहा कि इसमें मनमाना व एकतरफा बदलाव नहीं किया है और यह नियमों के तहत ही है। इस आदेश को चुनौती देते हुए कहा गया कि राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 के नियमानुसार हर साल की पदोन्नति रिक्तियों का अलग-अलग निर्धारण कर उन्हें भरना चाहिए तथा खाली पद अगले वर्षों में आगे बढाए जाने चाहिए। इसके जवाब में राज्य सरकार के एएजी भुवनेश शर्मा ने कहा कि सरकार ने नियमानुसार ही पदोन्नति प्रक्रिया की है।

बार कौंसिल ने कल्याण कोष की राशि बढ़ाने और अजमेर में अधिवक्ता भवन की मांग रखी

जयपुर (कासं)। प्रदेश के अधिवक्ताओं के कल्याण, उनकी समस्याओं के निराकरण और सुविधाओं के विस्तार को लेकर बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से मुलाकात की। बैठक में अधिवक्ता कल्याण कोष की सहायता राशि बढ़ाने, अजमेर में अधिवक्ता भवन के लिए भूमि आवंटित करने और निर्माण के लिए वित्तीय सहायता देने सहित विभिन्न मांगें रखी गईं।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार की बजट घोषणा की क्रियान्विति के तहत अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए बार कौंसिल को दी जाने वाली अधिवक्ता कल्याण कोष की सहायता राशि में वृद्धि का आग्रह किया। साथ ही अजमेर में राजस्व न्यायालय संचालित होने के कारण प्रदेशभर से आने वाले



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से गुरूवार को बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए भवन निर्माण की आवश्यकता बताई। बार कौंसिल के नवीन भवन में कार्यालय संचालन के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना का लाभ सभी पात्र अधिवक्ताओं तक पहुंचाने और योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके उचित निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में विधि विभाग के प्रमुख शासन सचिव राघवेन्द्र काछवाल, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान, जोधपुर के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह शक्तावत तथा संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

600 किलो की अनुमति, पटाखे की दुकान में मिला 3745 किलो बारूद

जयपुर । दीपावली पर अवैध विस्फोटक सामग्री और निर्धारित सीमा से अधिक पटाखों का भंडारण करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।

शिवदासपुरा थाना पुलिस और सीएसटी टीम ने गोनेर में बिजली पावर हाउस के पास स्थित श्री श्याम पटाखा शॉप पर छापा मारकर 3745 किलोग्राम पटाखे सील किए। दुकान संचालक के पास महज 600 किलोग्राम पटाखे रखने का लाइसेंस था। पुलिस ने दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि सीएसटी टीम प्रभारी सुनील नागरवाल से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

जांच में सामने आया कि दुकान संचालक ओमप्रकाश शर्मा (45) ने लाइसेंस की निर्धारित सीमा से छह गुना से अधिक पटाखों का भंडारण कर रखा था।



पुलिस ने मौके पर दोनों दुकानों में रखे कुल 3745 किलोग्राम पटाखों को सील-मोहर कर दिया। पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश शर्मा निवासी बिजली पावर हाउस के पास गोनेर के खिलाफ शिवदासपुरा थाने में मुकदमा दर्ज किया है।